
मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 287
शनिवार, 10 मई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## पीएम मोदी की हाई लेवल मीटिंग, तीनों सेनाध्यक्षों के साथ एनएसए और सीडीएस भी रहे मौजूद



**नई दिल्ली, 09 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सशस्त्र बलों के दिग्गजों के एक समूह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने मौजूदा हालात और विभिन्न मुद्दों पर दिग्गजों के साथ विस्तृत बातचीत की। इसमें पूर्व वायुसेना प्रमुख, सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख और अन्य दिग्गज शामिल थे, जिन्होंने देश की सेवा की है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गयी। गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमा और देश के हवाई अड्डों पर मौजूदा स्थिति की शुक्रवार को समीक्षा की। इससे कुछ ही घंटों पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कहा कि उसने जम्मू में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे सात आतंकवादियों को मार गिराया और पाकिस्तान रेंजर्स की एक चौकी को भी नष्ट कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि शाह ने भारत एवं पाकिस्तान की सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति की समीक्षा करने के अलावा देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का भी जायजा लिया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने भारत-पाकिस्तान में जारी सैन्य संघर्ष के बीच देश के अस्पतालों के स्वास्थ्य प्रबंध की शुक्रवार को समीक्षा की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी। बैठक के दौरान, स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें स्वास्थ्य व्यवस्था से संबंधित तैयारियों के बारे में जानकारी दी और बताया कि नियंत्रण केंद्र से पूरी निगरानी की जा रही है।

## 36 जगहों को निशाना बनाने की कोशिश, तुर्की के हथियार इस्तेमाल, जवाबी कार्रवाई में पाक को हुआ भारी नुकसान

**नई दिल्ली, 09 मई।** विदेश मंत्रालय की ओर से शाम साढ़े 5 बजे प्रेस ब्रीफिंग की गई। इस दौरान विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर नई जानकारी दी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि 7 और 8 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की। 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश करने के लिए लगभग 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने गतिज और गैर-गतिज साधनों का उपयोग करके इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। इस तरह के बड़े पैमाने पर हवाई घुसपैठ का संभावित उद्देश्य वायु रक्षा प्रणालियों का परीक्षण करना और खुफिया जानकारी एकत्र करना था।



ड्रोन के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है। शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि वे तुर्की असिसगार्ड सोंगर ड्रोन हैं।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 08:30 बजे एक असफल अकारण ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया।

पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले से भारत की वायु रक्षा प्रतिक्रिया तेज हो जाएगी...भारतीय वायु सेना ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया, जिससे अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमान सेवा की सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

## खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर शिवराज की बड़ी बैठक



**नई दिल्ली, 09 मई।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारत की तैयारियों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश के कृषि भंडार में गेहूं, चावल और अन्य अनाज की भरपूर आपूर्ति है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम आतंकवादियों को नहीं छोड़ेंगे; हमने आतंकी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन नागरिकों पर नहीं। कृषि विभाग के तौर पर हमारी जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हमारे कृषि भंडार भरे हुए हैं। गेहूं हो, चावल हो या कोई और अनाज, हमारे पास पर्याप्त मात्रा में है। जवान सीमा पर तैनात हैं और वैज्ञानिक खेतों में किसानों के साथ हैं। खेतों में किसानों के साथ काम करना और उत्पादन बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है।

इसके बाद शिवराज ने एक्स पर लिखा कि सीमा पर जवान और खेतों में किसान तैयार हैं। हमारे अन्न भंडार पूर्ण हैं। इस वर्ष बंपर उत्पादन हुआ है और आने वाली फसलों के लिए भी स्थितियाँ अनुकूल हैं। किसी भी आपात स्थिति या आवश्यकता के समय देशवासी निश्चिंत रहें। हम तैयार हैं, सक्षम हैं और देश सेवा के लिए संकल्पित हैं। भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमा और देश के हवाई अड्डों पर मौजूदा स्थिति की शुक्रवार को समीक्षा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इससे कुछ ही घंटों पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कहा कि उसने जम्मू में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे सात आतंकवादियों को मार गिराया और पाकिस्तान रेंजर्स की एक चौकी को भी नष्ट कर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने भारत-पाकिस्तान में जारी सैन्य संघर्ष के बीच देश के अस्पतालों के स्वास्थ्य प्रबंध की शुक्रवार को समीक्षा की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी।

## आतंकियों का खुला समर्थन दर्शाता है कि पाकिस्तान अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा हैः योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 09 मई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि यह सिद्ध तथ्य है कि पाकिस्तान आतंकवाद में शामिल है और उसे अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, भारत हर परिस्थिति में विजयी है और विजयी रहेगा। उन्होंने कहा, आप सभी ने देखा होगा कि आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और कुछ राजनेता कितनी बेशर्मी से शामिल हुए। इससे पूरी दुनिया की आंखें खुल जानी चाहिए कि पाकिस्तान न केवल आतंकवाद को पनाह देता है, उसे पनाह देता है या प्रायोजित करता है, बल्कि आतंकवाद में सीधे तौर पर शामिल भी है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारत की हालिया जवाबी कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों के प्रति पाकिस्तान का खुला समर्थन यह साबित करता है कि वह देश न केवल आतंकवाद का पनाहगाह है, बल्कि अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर लखनऊ में एक सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, भारत की कार्रवाई के बाद, जब आतंकवादी मारे गए, तो पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और राजनेता उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस बेशर्मी भरे प्रदर्शन से दुनिया की आंखें खुल जानी चाहिए।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान केवल आतंकवाद को संरक्षण नहीं दे रहा, वह सीधे तौर पर इसमें शामिल है।



उसकी संलिप्तता अब इतनी स्पष्ट हो गई है कि उसे अपने अस्तित्व के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने कड़ा जवाब देने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा, आप सभी ने देखा होगा कि हमारे पर्यटकों पर कितनी बर्बरता से हमला किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ संकल्प लिया और हमारे बहादुर सैनिकों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। आदित्यनाथ ने लोगों से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने और परीक्षा की इस घड़ी के दौरान सशस्त्र बलों का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, प्रत्येक भारतीय को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। यदि कोई शरारती तत्व अशांति फैलाने की कोशिश करता है, तो हमें सतर्क रहना चाहिए और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कृत्य का पदार्फाश करना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए फैलाई जा रहीं गलत सूचनाओं के बारे में भी चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने कहा, अफवाहें फैलाने की कोशिशें होंगी। लेकिन हमें ऐसे शोर को नजरअंदाज करना चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी के साथ चलना चाहिए। भारत जीतेगा-इसमें कोई संदेह नहीं है। आदित्यनाथ ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि महाराणा प्रताप जयंती कठिन समय में एकजुट रहने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा, यह अवसर हमें अपने सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने और उनका मनोबल बढ़ाने की याद दिलाता है।


### केंद्र ने 24 हवाई अड्डों को 14 मई तक बंद रखने की अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देशभर के 24 हवाई अड्डों को 14 मई तक बंद रखने की अवधि बढ़ा दी है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तानी सेना द्वारा विफल ड्रोन हमले के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव बढ़ गया है। गुरुवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घोषणा की थी कि 10 मई तक 24 हवाईअड्डे नागरिक उड़ान संचालन के लिए बंद रहेंगे। कई एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए यात्रा सलाह भी जारी की है और उनसे हवाईअड्डों के बंद होने और सुरक्षा प्रोटोकॉल में वृद्धि के बारे में अपडेट रहने को कहा है। चंडीगढ़, श्रीनगर, अमृतसर, लुधियाना, भुंतर, किशनगढ़, पटियाला, शिमला, जैसलमेर, पठानकोट, जम्मू, बीकानेर, लेह, पोरबंदर आदि शहरों में हवाई अड्डे 14 मई तक बंद रहेंगे।

## आरएसएस ने सैन्य बलों का बढ़ाया मनोबल, देशवासियों से की यह खास अपील

**नई दिल्ली, 09 मई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा बयान दिया है। आरएसएस ने मोहन भागवत के हवाले से कहा कि पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर की जा रही निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन। हिंदू यात्रियों के नृशंस हत्याकांड में आहत परिवारों को एवं समस्त देश को न्याय दिलाने हेतु हो रही इस कार्रवाई ने समूचे देश के स्वाभिमान एवं हिम्मत को बढ़ाया है।

भागवत ने कहा कि हमारा यह भी मानना है कि पाकिस्तान में आतंकियों, उनका ढॉंचा एवं सहयोगी तंत्र पर की जा रही सैनिक कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए




आवश्यक एवं अपरिहार्य कदम है। राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश तन-मन-धन से देश की सरकार एवं सैन्य बलों के साथ खड़ा है। पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों एवं नागरिक बस्ती क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों की हम निंदा करते हैं और जो इन हमलों का शिकार हुए, उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस चुनौतीपूर्ण अवसर पर समस्त देशवासियों से आह्वान करता है कि शासन एवं प्रशासन द्वारा दी जा रही सभी सूचनाओं का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करे। इसके साथ-साथ इस अवसर पर हम सबको अपने नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए यह भी सावधानी रखनी है कि राष्ट्र विरोधी शक्तियों के सामाजिक एकता एवं समरसता को भंग करने के किसी भी षड्यंत्र को सफल न होने दें। समस्त देशवासियों से अनुरोध है कि अपनी देशभक्ति का परिचय देते हुए सेना एवं नागरी प्रशासन के लिए जहाँ भी, जैसी भी आवश्यकता हो, हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहे और राष्ट्रीय एकता तथा सुरक्षा को बनाए रखने के सभी प्रयासों को बल प्रदान करे।

## पाकिस्तान स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश कर रहाः उमर अब्दुल्ला

**कश्मीर, 09 मई।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्थानीय लोगों से बातचीत की, जो भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच वर्तमान में सांबा में सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पुंछ में भारी नुकसान हुआ है। पुंछ में सबसे ज्यादा लोग हताहत हुए हैं और सबसे ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मैं कुछ समय पहले जम्मू के अस्पताल में था और वहां भर्ती सभी घायल पुंछ से हैं। पुंछ में स्थिति गंभीर है। उपमुख्यमंत्री पुंछ पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे वहां पहुंचते हैं तो वहां के लोगों से मिलेंगे।

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश की है। उन्होंने ड्रोन का इस्तेमाल किया। लेकिन इसका श्रेय हमारे रक्षा बलों को जाता है, उन्होंने सभी ड्रोन को मार गिराया। कश्मीर के अनंतनाग में गोला-बारूद डिपो को भी निशाना बनाया गया, लेकिन कोशिश नाकाम कर दी गई। हमने यह स्थिति शुरू नहीं की, पहलगाम में निर्दोष लोग मारे गए, और हमें



जवाब देना पड़ा। पाकिस्तान स्थिति को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, और इससे उन्हें किसी भी तरह से फायदा नहीं होगा। उन्हें अपने हथियार डाल देने चाहिए। उन्हें तनाव बढ़ाने के बजाय डी-एस्केलेशन के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

पाकिस्तान की ओर से भारी गोलाबारी के कारण सीमावर्ती कस्बे में एक घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि 7 मई को सुबह करीब 6.30 बजे पाकिस्तान की ओर से दागे गए गोले यहां आकर गिरे, जिससे यह घर क्षतिग्रस्त हो गया। शुक्र है कि इसमें किसी की जान नहीं गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय की स्थिति यह तय करेगी कि स्कूल बंद किए जाने की अवधि को बढ़ाया जाएगा या नहीं और यदि इसे बढ़ाया जाएगा तो कितने समय के लिए ऐसा किया जाएगा।






# जेनेरिक दवाएं लिखने के कानूनी आदेश का उजाला



-ललित गर्ग

सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने एवं किसी विशेष कंपनी की दवाइयां न लिखने की नसीहत देकर न केवल गरीब मरीजों को राहत पहुंचाई है बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में व्याप्त मनमानी, मूल्यहीनता, रिश्वत एवं अनैतिकता पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय एवं प्रासंगिक पहल की है। सुप्रीम कोर्ट से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ संदीप मेहता, विक्रम नाथ और संजय करोल ने दवा कंपनियों से जुड़ी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। इस याचिका में दवा कंपनियों पर मनमानी एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया था। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर पूरे देश में इस फैसले का पालन हो, तो इससे अहम सुधार हो सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा-डॉक्टरों पर अक्सर दवा कंपनियों से रिश्वत लेने का आरोप लगता है। ऐसे में अगर डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखेंगे, तो उनपर लगने वाले इल्जाम का मुद्दा भी हल हो जाएगा। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक दवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेनेरिक दवाइयों को जनव्यापी बनाने की दिशा में सार्थक पहल की है। पूरी दुनिया में जेनेरिक दवाइयों को ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है, लेकिन दवा माफिया इसमें बाधाएं खड़ी कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता से दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है, जो बड़ी आबादी की एक बड़ी समस्या का सटीक समाधान होगा।

निश्चित ही डॉक्टर अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों की रिश्वतखोरी बंद हो सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फार्मास्युटिकल मार्केटिंग की समान संहिता पर कानून बनने तक दवा कंपनियों की अनैतिक विपणन प्रथाओं को नियंत्रित करने के दिशा-निर्देश की मांग की गई थी। भारत में किफायती जेनेरिक दवाओं का उत्पादन एवं प्रचलन एक जीवन रेखा है, लेकिन इसके गुणवत्ता के आश्वासन को मजबूत करने के साथ डाक्टरों की मनमानी पर नियंत्रण करना होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की पहल एक रोशनी बनेगा। आज जबकि देश में लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज एवं महंगी दवाइयां बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये जेनेरिक दवाओं पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इजाफा हुआ है। मोदी सरकार ने जेनेरिक दवाओं को ज्यादा स्वीकार्य बनाने एवं सर्वसुलभ कराकर एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात किया है। जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ये बाध्यकारी नहीं, एक स्वैच्छिक संहिता है, जिसका पालन डाक्टर अपनी मर्जी से करते हैं। कोर्ट ने दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोर्ट की यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। यहीं नहीं, आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाओं का भी मार्ग प्रशस्त हो सकता है। भारत में दवा उद्योग एक विशाल और जटिल क्षेत्र है, जहां दवा कंपनियां अक्सर अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लेती हैं। ये कंपनियां डॉक्टरों को मुफ्त उपहार, विदेश यात्राएं, महंगे रात्रिभोज और अन्य प्रलोभन देकर अपनी ब्रांडेड दवाओं को प्रचारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। नतीजतन, डॉक्टर कई बार मरीजों को ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो न केवल महंगी होती हैं, बल्कि कई बार अनावश्यक भी होती हैं। इसका सीधा असर मरीजों की जेब और स्वास्थ्य पर पड़ता है। सस्ती जेनेरिक दवाओं के प्रचलन को बाधिक करने की रणनीति एक वैश्विक समस्या है। भारत में जेनेरिक दवाओं की शुरूआत मोदी सरकार ने की। वैसे 2004 और 2013 के बीच अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली को इससे लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर की बचत हुई है। जेनेरिक कैंसर जैसी अनेक असाध्य बीमारियों की दवाओं की समय पर उपलब्धता ने ऐसे कई रोगियों की सामर्थ्य को बढ़ा दिया है। जबकि इसके विपरीत अनेक परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों की महंगी दवाओं एवं इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही। लेकिन सामान्य दिनों में दवा कंपनियों की मिलीभगत व दबाव में लिखी जाने वाली महंगी दवाइयां भी गरीबों के लिये बड़ी समस्या बनती रही हैं। इसके बावजूद कि बाजार में उसी साल्ट वाली गुणवत्ता की जेनेरिक दवा सहज उपलब्ध है। कुछ समय पहले केंद्र सरकार की ओर से जेनेरिक दवाइयां लिखने की अनिवार्यता के निर्देश का अच्छा-खासा विरोध हुआ, जिसके चलते निर्णय वापस लेना पड़ा था। अब इसी चिंता को देश की शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्त किया है, जो गरीबों को सस्ती दवाओं से इलाज का रास्ता सुगम बना देगी। जिससे गरीबों के जीवन में एक स्वास्थ्य उजाला होगा। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि दवा-कम्पनियां तरह-तरह के प्रलोभन व परोक्ष-अपरोक्ष लाभ देकर चिकित्सकों पर महंगी दवा लिखने का दबाव बनाती हैं, मानो सारे नैतिक मूल्यों को ताक पर रखकर धनार्जन ही एकमात्र कर्म रह गया है। जिसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़ती है, जो महंगी दवा खरीदने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में वे कर्ज लेकर या अपने रिश्तेदारों से मदद लेकर किसी तरह गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों का इलाज कराते हैं। इस खर्च के दबाव के चलते परिजनों को भी तमाम कष्ट उठाने पड़ते हैं। गाहे-बगाहे सरकारों ने दवा कंपनियों की बेलगाम मुनाफाखोरी रोकने को कदम उठाने की घोषणाएं तो कीं, लेकिन दवा माफिया के दबाव में समस्या का सार्थक समाधान नहीं निकल पाया। डॉक्टरों की तरफ से भी यदि इस दिशा में सहयोग मिलने लगे तो इस समस्या का समाधान किसी सीमा तक संभव हो सकता है। लेकिन विडंबना है कि ऐसा हो नहीं पा रहा है। एक संकट यह भी है कि दवा कंपनियों द्वारा प्रचार किया जाता है कि जेनेरिक दवाइयां रोग के उपचार में पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं होती, यह बात आम जनता में गहरे से बिठायी हुई है।

दवा कंपनियों की अनैतिक प्रथाएं केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं हैं, ये मरीजों के स्वास्थ्य और जान को भी खतरे में डालती हैं। महंगी दवाओं के प्रचार के कारण कई बार गरीब मरीज इलाज से वंचित रह जाते हैं। यदि जेनेरिक दवाओं को अनिवार्य किया जाए, तो न केवल दवाओं की कीमतें कम होंगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं भी अधिक समावेशी और सुलभ बनेंगी। निस्संदेह, सरकारों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा कि जेनेरिक दवाइयों को प्रोत्साहन देने के उसके प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ते। एक वजह यह भी है कि दवा कंपनियों की लॉबी खासी ताकतवर होती है और साम-दाम-दंड-भेद की नीति का उपयोग करके अपने उत्पादों का विपणन करने में सफल हो जाती है। निस्संदेह, लंबे उपचार व असाध्य रोगों के इलाज में दवाओं की कीमत एक प्रमुख घटक होता है। यदि दवा नियंत्रित दामों में मिल सके तो उनकी बड़ी चिंता खत्म हो सकती है। निस्संदेह, दवाओं की कीमत हमारी चिकित्सा सेवाओं के लिये एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सरकार को चाहिए कि गांव से लेकर शहरों तक जेनेरिक दवाओं के मेडिकल स्टोर बड़ी संख्या में खोले जाएं। गरीब-अनपढ़ मरीजों को जागरूक करके जेनेरिक दवाइयों के उपयोग को प्रोत्साहित करना होगा। मरीजों के परिजनों को विश्वास दिलाया जाना चाहिए कि जेनेरिक दवाइयां भी उसी साल्ट से बनी होती हैं, जिससे महंगी ब्रांडेड दवाइयां बनी होती हैं। निश्चित रूप से डॉक्टरों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने ऋषिकर्म का दायित्व निभाते हुए गरीब मरीजों को अधिक से अधिक जेनेरिक दवाइयां लिखना शुरू करें। यह उनके लिये भी परोपकार एवं पुण्य के काम जैसा होगा।

# क्या चाचा शरद पवार की भतीजे अजित पवार संग पुनर्मिलन की संभावना से इंडिया गठबंधन में होगी टूट ?



अशोक भाटिया

त् अशोक भाटिया ,मुंबई

एक तरफ सीमा से पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिन्दूर के तहत युद्ध की खबरें आ रही है । भारतीय सेना पूरे दम खम के साथ पाकिस्तान दहशतगर्दों को धुल चटा रही है व जनता सेना का मनोबल बढ़ाने में लगी है । उसी के साथ महाराष्ट्र से चौकाने वाली राजनैतिक खबरें भी आ रही है । जैसा की हम जानते है महाराष्ट्र की सियासत में हमेशा कुछ न कुछ नया होता ही रहता है। वहां पर राजनीतिक हलचल लगातार बनी रहती है। पिछले कुछ दिनों से ठाकरे परिवार के फिर से एक होने की चर्चा जोरों पर है। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच सुलह-समझौता कराने की कोशिश की जा रही है। इस बीच एक और चौंकाने वाली खबर आ रही है कि पवार परिवार भी एक होने की कवायद में लग गया है ।उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के एक साथ आने की सुगबुगाहट के बीच अब चाचा-भतीजे की जोड़ी शरद पवार और अजित पवार के भी साथ आने की खबर तेज हो गई है। राज्य के सियासी गलियारों में ऐसी चर्चा है कि चाचा शरद पवार खुद चाहते हैं कि उनके भतीजे अजित पवार आगे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को एक साथ लेकर चलें।

यह कयास ऐसे ही नहीं लगाए जा रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में शरद पवार और अजित पवार एक साथ कई बार एक मंच पर दिख चुके हैं। राजनीति के मैदान में कुछ सालों में भले ही चाचा-भतीजे की राहें अलग हो गई हों, लेकिन दोनों (बारामती सहकार भवन के कार्यक्रम में, 2 बार साहित्य और कला मंच के कार्यक्रम में) एक साथ मंच साझा कर चुके हैं ।इससे 2 दिन पहले शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने भी एक सवाल के जवाब में कहा था कि उन्हें परिवार के जुड़ने पर खुशी मिलती है। वो चाहती हैं कि पवार परिवार हमेशा एक साथ रहे ।कुछ समय पहले पवार परिवार एक वैवाहिक कार्यक्रम में आपस में मिले थे। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के छोटे बेटे जय पवार की सगाई समारोह में शरद पवार और सुप्रिया सुले दोनों पहुंचे। पुणे में आयोजित सगाई समारोह दोनों परिवारों के लोग शामिल हुए थे।

ज्ञात हो कि अजित पवार लंबे समय तक शरद पवार के साथ मिलकर राजनीति करते रहे है । लेकिन करीब 2 साल पहले जुलाई 2023 में उन्होंने चाचा के खिलाफ बगावत कर दिया और एनसीपी के एक धड़े के साथ राज्य में बने महायुति गठबंधन में शामिल हो गए। बाद में अजित पवार की अगुवाई वाले एनसीपी को मुख्य पार्टी घोषित कर दिया गया। यह पार्टी अभी राज्य में महायुति गठबंधन का हिस्सा है ।इससे पहले भी कई अन्य अवसरों पर चाचा और भतीजे आपस में मिलते रहे हैं। जब राज्य के सबसे ताकतवर ठाकरे परिवार में अलगाव खत्म होने के कगार पर है और उद्धव तथा राज आपस में मिलने जा रहे हैं तो पवार परिवार के भी मिलन के कयास लगने लगे हैं।

समाचारों के अनुसार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार के एक ताजा बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। उन्होंने भविष्य में NCP के दोनों गुटों के फिर से एक होने की संभावना जताई है। पवार के इस बयान के बाद, ठउढ के दोनों खेमों से पुनर्मिलन की संभावना को लेकर सकारात्मक संकेत मिले हैं। शरद पवार ने तो यहां तक कहा कि सुप्रिया सुले को पार्टी के मर्जर पर फैसला लेना है। शरद पवार ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि उनकी पार्टी का एक वर्ग अजित पवार के नेतृत्व वाली NCP के साथ हाथ मिलाने के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि पुनर्मिलन पर फैसला लेने में वह सक्रिय रूप से शामिल नहीं हैं। शरद पवार ने यह भी कहा कि उनकी बेटी सुप्रिया सुले, जो NCP (SP) की कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं, को अपने चचेरे भाई अजित पवार के साथ बैठकर इस मामले पर चर्चा करनी होगी। शरद पवार ने कहा कि अगर पुनर्मिलन होता है, तो दूसरों को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। मतलब, अगर दोनों परिवार मिलकर साथ आ जाएं तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए।

शरद पवार ने याद दिलाया कि जब उन्होंने पार्टी बनाई थी, तब आज अलग हुए सभी लोग साथ थे। उन सभी की विचारधारा एक ही है। इसलिए अगर भविष्य में ये सभी फिर से एक साथ आते हैं, तो उन्हें कोई आश्चर्य नहीं होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वे पहले से ही इंडिया गठबंधन में हैं, शरद पवार ने कहा कि इंडिया गठबंधन अभी सक्रिय नहीं है। इसलिए उन्हें अपनी पार्टी को फिर से बनाना होगा, उसे मजबूत करना होगा, युवाओं को उसमें शामिल करना होगा और काम करना होगा। 2 जुलाई, 2023 को NCP में विभाजन के बाद से, दोनों गुट एक-दूसरे के खिलाफ खुलकर बोलते रहे हैं। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान, ठउढ के दोनों गुटों ने न केवल एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारे, बल्कि जमकर चुनाव प्रचार भी किया। दोनों गुटों ने एक दूसरे को हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी।

लेकिन, विधानसभा चुनावों के बाद एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया। अजित पवार के गुट ने 59 में से 41 सीटें जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया। पुणे के वसंतदादा पाटिल शुगर इंस्टीट्यूट में आयोजित बैठक की यह तस्वीर महाराष्ट्र की राजनीति में खास मानी जा रही है, क्योंकि इसमें चाचा शरद पवार और भतीजे अजित पवार के बीच कोई दूरी नजर नहीं आ रही। जुलाई 2023 में जब अजित पवार बगावत कर अलग हो गए थे, तब से चाचा और भतीजा बहुत कम मौकों पर एक साथ एक ही मंच पर नजर आए। अगर किसी मौके पर एक मंच साझा करना पड़ा भी तो दोनों एक-दूसरे के बगल में बैठने से बचते थे, लेकिन इस बैठक में न केवल दोनों अगल-बगल बैठे, बल्कि इसके बाद जो कुछ भी हुआ, उसने महाराष्ट्र की सियासत में कयासों का सिलसिला शुरू कर दिया। दरअसल, शरद पवार और अजित पवार दोनों ही वसंतदादा पाटिल शुगर इंस्टीट्यूट के पदाधिकारी हैं। इस आधिकारिक बैठक के संपन्न होने के बाद चाचा-भतीजा एक बंद कमरे में फिर से मिले। दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। बातचीत किस मसले पर थी, यह तो साफ नहीं है, लेकिन इस मुलाकात से यह चर्चा जरूर शुरू हो गई कि चाचा-भतीजा फिर से कोई खिचड़ी' पका रहे हैं।

शरद पवार और अजित पवार के बीच हुई इस बैठक से उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना तिलमिला गई। पार्टी के सांसद संजय राऊत ने तो यहां तक कह दिया कि दोनों पवार एक ही हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे के अलग होने के बाद उनकी पार्टी के लोग शिंदे गुट के नेताओं से मिलते-जुलते या चाय पीते नजर नहीं आते। शरद पवार अपने भतीजे के साथ एक बैठक करते हैं और महाराष्ट्र की सियासत में खलबली मच जाती है। इस मुलाकात के बाद अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या शरद पवार महाविकास अघाड़ी से अलग होकर कोई नया राजनीतिक समीकरण तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं? इसके पीछे वजह है शरद पवार की छवि। शरद पवार अक्सर ऐसे राजनीतिक फैसले ले लेते हैं, जिनका अंदाजा बड़े-बड़े सियासी पंडित भी नहीं लगा पाते। खुद संजय राऊत 2019 में कह चुके हैं कि शरद पवार के दिमाग को समझने के लिए 100 जन्म लेने पड़ेंगे।

जाहिर है शरद पवार के पुनर्मिलन के संकेत के साथ, MVA - NCP (SP), कांग्रेस और शिवसेना (UBT) के गठबंधन का भविष्य अब अधर में लटक गया है। NCP (SP) प्रमुख राज्य में टश्अ के लिए मार्गदर्शक शक्ति रहे हैं। उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन के लिए प्रमुख प्रचारक की भूमिका निभाई थी। अब, MVA का भविष्य अनिश्चित लग रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शरद पवार की NCP(SP) अजित पवार की NCP के साथ जा सकती है। साथ ही, शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भी अपने चचेरे भाई राज ठाकरे की MNS के साथ पुनर्मिलन का संकेत दिया है।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में, हमने देखा है कि NCP (SP) ने राज्य सरकार के खिलाफ ज्यादा आक्रामक रुख नहीं दिखाया है। ऐसी भी बातें चल रही हैं कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना, राज ठाकरे की टटर के साथ हाथ मिला सकती है। ऐसे में, कांग्रेस को महाराष्ट्र के लिए अपनी रणनीति बनानी होगी। चूंकि स्थानीय निकाय चुनावों से पहले पार्टी के पास ज्यादा समय नहीं है, इसलिए हम तैयारियों के लिए MVA पर ज्यादा निर्भरता नहीं दिखा रहे हैं। मतलब, कांग्रेस अब अपने दम पर चुनाव की तैयारी करने की सोच सकती है।

पवार के बयान पर NCP के दोनों गुटों से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं आई हैं। राज्य NCP प्रमुख सुनील तटकरे ने कहा, 'मुझे पवार साहब के बयान के बारे में मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से पता चला। हमने अभी तक पार्टी के भीतर इस मुद्दे पर चर्चा नहीं की है। लेकिन चूंकि उन्होंने संभावित पुनर्मिलन का संकेत दिया है, इसलिए हम अपनी कोर कमेटी की बैठक में इस पर चर्चा करेंगे।'अब देखना है कि महाराष्ट्र की सियासत के 2 रसूखदार परिवारों का बिखराब कब खत्म होता है। अगर दोनों परिवार आपस में मिलते हैं तो जाहिर है कि यहां की सियासत में भी काफी कुछ बदल जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर : अधर्म के विरुद्ध धर्मयुद्ध का आह्वान

**ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, यह उस सनातन चेतना की पुकार है जो अन्याय, अधर्म और स्त्री अपमान के विरुद्ध उठ खड़ी होती है। यह अभियान प्रतीक है उस धर्मयुद्ध का, जो केवल प्रतिशोध नहीं बल्कि धर्म, सम्मान और मानवता की विजय का उद्घोष करता है। जी हां, ह्ये भारत है जहां महादेव भी आते हैं तो अर्धनारीश्वर का अवतार लेकरह्लह्ल. पाकपरस्त आतंकियों ने हमारी महिलाओं का सिंदूर या यूं कहे सुहाग उजाड़कर जिहाद के लिये ललकारा है तो अब हम भी धर्मयुद्ध करेंगे. अब वक्त है जागने का और जनजागरण का. मतलब साफ है ह्लयह देश में महाभारत के बाद दूसरा धर्मयुद्ध साबित होगा जिसका खमियाजा पाकिस्तान में पल-बढ़ रहे आतंकियों को भुगतना पड़ेगा**



जी हां, सनातन परंपरा में सिंदूर केवल एक वैवाहिक चिह्न नहीं है। यह देवी शक्ति की उपस्थिति, स्त्रीत्व की दिव्यता और जीवन के सृजन की शक्ति का प्रतीक है। जब किसी नारी के सिंदूर को मिटाया जाता है, तो वह केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के संतुलन पर प्रहार होता है। ऑपरेशन सिंदूर उसी संतुलन को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है। 28 वीरांगनाओं की शहादत का यह अपमान केवल सैनिक परिवारों की वेदना नहीं, यह सम्पूर्ण भारतवर्ष की आत्मा पर चोट है। इतिहास साक्षी है, यह वही भूमि है जहां स्त्री सम्मान के लिए महाभारत जैसे महासंग्राम हुए। हमने द्रौपदी के अपमान पर कुरुक्षेत्र रचा था, आज भी यदि कोई सिंदूर को मिटाने का दुस्साहस करता है, तो उसे प्रतिकार का उत्तर उसी परंपरा से मिलेगा। यह युद्ध आतंक के विरुद्ध न्याय का स्वरूप है। यह मां दुर्गा के उस रूप से प्रेरित है, जो असुरों के विनाश के लिए उदित होती हैं। यह रण केवल गोली और बारूद का नहीं, यह मूल्य, मर्यादा और मानवता की रक्षा का रण है। हर सैनिक जो इस ऑपरेशन का हिस्सा है, वह केवल वर्दीधारी योद्धा नहीं, वह राष्ट्रधर्म का रक्षक, मातृशक्ति का पूजक और सनातन संस्कृति का प्रहरी है। ऑपरेशन सिंदूर एक संदेश है उन सबके लिए जो स्त्री को अबला समझने की भूल करते हैं। यह धरती शक्ति की उपासक है, यहां की नारी दुर्गा है। जय हिन्द की सेना, यह नारा अब सिर्फ गर्व नहीं, बल्कि संकल्प है कि हम हर उस अंधकार का अंत करेंगे, जो हमारे देश, संस्कृति और नारी सम्मान को ललकारेगा।

महामंडलेश्वर योगिनी गुरु मां राधा सरस्वती जी महाराज जी कहना है कि अधर्म के विरुद्ध धर्मयुद्ध का आह्वान एक ऐसा कॉल है जो अधर्म के खिलाफ धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष करने के लिए दिया जाता है। यह एक युद्ध है जिसमें धर्म और सत्य के लिए लड़ना होता है, अन्याय और अधर्म के खिलाफ। यह एक ऐसा युद्ध है जो धर्म के सिद्धांतों और मूल्यों की रक्षा के लिए लड़ा जाता है। यह युद्ध अधर्म, अन्याय, अत्याचार और असत्य के खिलाफ होता है। धर्मयुद्ध की प्रेरणा अक्सर धर्म के प्रति समर्पण, न्याय के लिए प्रतिबद्धता और अधर्म के खिलाफ संघर्ष करने की भावना होती है। महाभारत में कौरवों और पांडवों के बीच युद्ध को अधर्म के विरुद्ध धर्मयुद्ध के रूप में भी देखा जाता है, जहां पांडवों ने सत्य, न्याय और धर्म के लिए कौरवों से युद्ध किया था। खास यह है कि ऑपरेशन सिंदूरः पाकिस्तान के अंदर 100 किमी घुसा भारत, वो भी हवाई क्षेत्र के इंच का भी उल्लंघन किए बिना, यह काबिलेतारीफ है, जिसकी पूरी दुनिया सराहना कर रही है। धर्मयुद्ध के कई उदाहरण हैं, जिनमें से एक 1095 में पोप अर्बन द्वितीय द्वारा यरूशलेम पर नियंत्रण करने के लिए प्रथम धर्मयुद्ध का आह्वान था. भारत में कम से कम आठ धर्मयुद्ध हुए। पहला धर्मयुद्ध 1096 से 1099 तक चला। दूसरा धर्मयुद्ध 1147 में शुरू हुआ और 1149 में समाप्त हुआ। तीसरा धर्मयुद्ध 1189 में शुरू हुआ और 1192 में समाप्त हुआ। चैथा धर्मयुद्ध 1202 में शुरू हुआ और 1204 में समाप्त हुआ। पाँचवाँ धर्मयुद्ध 1217 से 1221 तक चला। छठा धर्मयुद्ध 1228-29 में हुआ। सातवाँ धर्मयुद्ध 1248 में शुरू हुआ और 1254 में समाप्त हुआ। और आठवाँ धर्मयुद्ध 1270 में हुआ। यूरोप के भीतर असंतुष्ट ईसाई संप्रदायों के खिलाफ छोटे धर्मयुद्ध भी हुए, जिनमें एल्बिजेंसियन धर्मयुद्ध (1209-29) शामिल है। तथाकथित जन धर्मयुद्ध पोप अर्बन द्वितीय के प्रथम धर्मयुद्ध के आह्वान के प्रत्युत्तर में हुआ था, तथा बाल धर्मयुद्ध 1212 में हुआ था।

धर्मयुद्धों का आयोजन पश्चिमी यूरोपीय ईसाइयों द्वारा सदियों तक चले मुस्लिम युद्धों के बाद किया गया था। उनका प्राथमिक उद्देश्य मुस्लिम राज्यों के विस्तार को रोकना, मध्य पूर्व में ईसाई धर्म के लिए पवित्र भूमि को पुनः प्राप्त करना और उन क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करना था जो पहले ईसाई थे। कई प्रतिभागियों का यह भी मानना ??था कि पवित्र युद्ध के रूप में जो कुछ भी वे करते थे, वह मुक्ति का एक साधन और पापों के प्रायश्चित को प्राप्त करने का एक तरीका था। देश के जवान आतंकवाद से धर्मयुद्ध लड़ रहे हैं। पिछले 24 घंटों में जिस तरह हमारी सेना ने उनके गढ़ में घुसकर भारत के मोसट वांटेड आतंकियों के किलों को ढहाया है और उन्हें कवर फायर दे रहे पाक सेना ने भारत पर ड्रोन हमले किए वो कायरता का सबसे बड़ी घटना है। लेकिन हमारे जवानों ने जारी ऑपरेशन सिंदूर अभियान के तहत उनके सारी कोशिशों को नाकाम कर दिया। या यूं कहे भारत ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला पाकिस्तान एवं उसके आतंकियों से ले लिया है. 6 और 7 मई की दरमियानी रात भारत की तीनों सेनाओं ने आतंक के खिलाफ बड़ी कार्वाई करते हुए पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को खत्म कर दिया. इसे अब तक की सबसे बड़ी स्ट्राइक कहा जा रहा है, क्योंकि अभी तक ऐसा नहीं हुआ था कि भारत ने कोई हमला सीधे पाकिस्तान पर किया हो. पीओके में स्ट्राइक्स होती ही रहती थीं. भारत कहता था कि उसने आतंकियों के ट्रेनिंग कैंपों पर हमला किया. लेकिन ये पहली बार हुआ है कि भारत ने सीधे पंजाब में स्थित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वॉर्टर पर स्ट्राइक की हैं. इन स्ट्राइक्स में हिजबुल मुजाहिद्दीन के दो ठिकानों पर भी हमला हुआ है. इन हमलों में आतंकियों के पूरे हेडक्वॉर्टर तबाह हो गए हैं.

सबसे बड़ी बात है भारतीय वायुसेना के विमानों ने इस हमले के लिए अपनी वायुसीमा क्रॉस नहीं की है. भारत की ही वायुसीमा में रहकर मिसाइल फायर की गईं और आतंकियों के ठिकाने तबाह हो गए. बताया जाता है कि रॉ की तरफ से 21 टारगेट की लिस्ट दी गई थी, जिसमें से 9 पर मिसाइल स्ट्राइक हुई है. ये पहले ही तय हो गया था कि इस बार हमला सीधे आतंकी संगठनों के हेडक्वॉर्टर पर होगा, इसलिए लश्कर का हेडक्वॉर्टर मुरीदके और जैश का हेडक्वॉर्टर बहावलपुर में टारगेट किया गया. 3 मई को हुई मीटिंग में इसकी योजना बनी थी. वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञ संदीप उन्नीथन ने साल 1971 में हुए युद्ध के बाद से अबतक का सबसे बड़ा हमला बताया है. उन्होंने कहा, यह 1971 के बाद से पाकिस्तान पर भारत का सबसे बड़ा हमला है, जिसमें लक्ष्यों का भौगोलिक विस्तार, हमलों के स्थानों की संख्या और प्रमुख पाकिस्तानी आतंकवादी समूहों जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालयों को निशाना बनाया गया है. इन संगठनों ने पिछले दो दशकों में भारत पर कई बड़े आतंकवादी हमले किए हैं.ह्ल 1971 के युद्ध के बाद पहली बार भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बड़ा हमला किया है. राजनीतिक और सेना के मद्देनजर पंजाब प्रांत को बहुत अहम माना जाता है. इससे पहले साल 2016 में उरी और साल 2019 में पुलवामा में किए गए आतंकी हमलों में भी भारतीय सेनाने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और उससे सटे खैबर-पख्तूनख्वा में आतंकी शिविरों को निशाना बनाया था. ऑपरेशन सिंदूर में 9 जगहों पर हमला किया गया, जिनमें से चार पंजाब के बहावलपुर, सियालकोट और शेखपुरा जिलों में थे. जिन आतंकी शिविरों को बनाया गया निशाना, उनमें मरकज सुभान अल्लाह कैंप (बहावलपुर), मरकज तैयबा कैंप .(सियालकोट) और सरजाल कैंप (सियालकोट) शामिल है।

बता दें, पाकिस्तान स्थित दोनों आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा पंजाब प्रांत से संचालित होते हैं. बहावलपुर में मरकज सुभान अल्लाह कैंप भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 100 किलोमीटर दूर है. बहावलपुर, जो जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी मसूद अजहर का गढ़है, में पाकिस्तानी सेना का एक रेजिमेंटल सेंटर भी है. भारत द्वारा इस एयरस्ट्राइक के बाद रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था। इस हमले से पड़ोसी देश से झगड़े के मकसद से नहीं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत माता की जय कहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक्स पर पोस्ट में लिखा, जय हिंद ! जय हिंद की सेना। खास यह है कि टीम को नेतृत्व कर रही कर्नल सोफिया कुरैशी और दूसरी विंग कमांडर व्योमिका सिंह की सरकार ने भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्रवाई की. सोफिया कुरैशी कॉर्प्स ऑफ सिग्नल से जुड़ी हुई अधिकारी हैं. वे पहली बार तब चर्चा में आई थीं जब उन्हें एक्सरसाइज फोर्स 18 के तहत 18 देशों की मल्टीनेशनल आर्मी ड्रिल में भारत की तरफ से कमान संभालने का मौका मिला था. उस समय वो अकेली महिला थीं जो किसी भी देश की आर्मी टुकड़ी की कमांड संभाल रही थीं. एक्सरसाइज फोर्स 18 भारत की ओर से आयोजित उस समय का सबसे बड़ा विदेशी सैन्य अभ्यास था. सोफिया कुरैशी इस अभ्यास में भाग लेने वाले 18 दलों में एकमात्र महिला अधिकारी थीं.

-सुरेश गांधी

# आपरेशन सिंदूर ने किया पाक का आंतकी चेहरा बेनकाब



-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

भारतीय सेना ने 6 मई की मध्य रात्रि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला कर आतंकवाद की पनाहगाहों को नेस्तनाबूत कर दिया। आपरेशन सिंदूर 22 अप्रेल को भारत राष्ट्र के जम्मू कश्मीर राज्य मे स्थित पहलगाँव मे पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद भारतीय सेना की जवाबी कार्यवाही का हिस्सा है। इस कार्यवाही ने भारतीय सेना ने अहम सन्देश को विश्व के सामने रखा की 'सिविलियन से कोई बैर नहीं आतंकवादियों की खैर नहीं'। इस घटनाक्रम के बाद तेजी से चलते दृश्यों मे सारी दुनियाँ ने देखा पाकिस्तानी सेना और आतंकवाद का कितना करीबी रिश्ता है। यह रिश्ता बार-बार उजागर हुआ है। भारत के खिलाफ होने वाली आतंकवादी घटनाओं शामिल आतंकी सरगना मसूद अजहर के रिश्तेदारों के जनाजों मे सेना के अधिकारीयों का शामिल होना इस बात को पुख्ता करता है की पाकिस्तानी सेना आतंकी घटनाओ को इन आतंकवादियों की सहायता से भारत मे अंजाम देती रही है। पाकिस्तानी सेना ही बरसों से इन आतंक के सरगनाओं की पोषक बनी हुई है।

इस वक़्त सारी दुनियाँ आंतकवाद की काली कारतूतों से तंग है, दुनियाँ के सभ्य लोग शांति से अपना जीवन जीना चाहते है, भारत भी दुनियाँ की तरह पाक प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावित है। आतंकवाद के गहरें जख्मो की पीड़ा भारत लम्बे समय से भुगत रहा है। जिसने कई बच्चों से अपने पिताओं को छीन लिया, महिलाओं से उनका सिंदूर छीन लिया। आतंकवाद के जख्मो की इन पीड़ादायी कहानियों आतंकवाद की मदद कर रही पाक सेना द्वारा संचालित इन शिविरों मे ही लिखा गया है। विश्व के सबसे बड़े प्रजातंत्रिक राष्ट्र भारत की अस्मिता पर हाथ डालते हुए 13 दिसम्बर 2001 को संसद भवन पर हमला किया था। हमला करने वाले लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद नामक आतंकवादी संगठन थे। 2002 मे अक्षरधाम मंदिर पर आतंकी हमला, नवम्बर 2008 मे मुंबई पर समुद्री रास्ते से आए पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जो इस्लामी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थे, जिन्होंने गोलियों और बम विस्फोट से 166 लोगों की हत्या कर दी थी करीब 300 मासूम इस हमले मे घायल हो गए थे, इस हमले मे जिन्दा पकड़ाए आंतकवादी अजमल कसाब ने अपने पाकिस्तानी होने और पाकिस्तान स्थित ट्रेंडिंग मे केम्पो मे भारत के विरुद्ध आतंकवादी तैयार करने की बात जाँच ऐजेसियों को बताई थी, इन हमलों मे 2016 का उरी हमला, 2019 का पुलवामा और अभी 2025 का पहलगाम हमला शामिल है, वर्ष 1999 मे कंधार विमान अपहरण कर तीन आंतकवादियों को छुड़ाने का जख्म भी पीड़ायायक और क्रोधित करने वाला है। अभी पहलगांव मे हुए हमले मे आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी। भारत पर पाकिस्तानी हमलों के गहरे जख्म है, किंतु भारत की सेना ने पहलगाँव हमले के बाद बड़ी सैन्य कार्यवाही करते हुए पाकिस्तान मे संचालित पाक सेना के सहयोग से चलने वाले इन आतंकी शिविरों को नष्ट्र कर दिया। इन हमलों से बौखलाए पाक ने भारत के सीमावर्ती शहरों मे ड्रोन और मिसाइलो से हमला किया इन हमलों को भारत ने विफल कर दिया। 8 मई की शाम कर्नल सौफिया और विंग कमाण्डर व्योमिका सिँह ने मिडिया को बताया बुधवार को पाकिस्तान ने उत्तरी पश्चिमी सीमा पर कुछ शहरों को निशाना बनाया जिसे भारतीय सैन्य बल ने विफल कर दिया। भारतीय सैन्य बलो ने जवाबी कार्यवाही मे पाकिस्तान मे घुसकर लाहौर, कराची, गुजरावाला जैसे 8 शहरों को निशाना बनाया है। आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का असली चेहरा तब उजागर हुआ जब आतंकियों के जनाजे मे पाक सेना के अधिकारी और लश्कर-ए-तैयबा कमाण्डर अब्दुल रहुफ साथ-साथ दिखाई दे रहे है, भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने तस्वीर जारी कर दुनियाँ को पाकिस्तानी आतंकी चेहरे से अवगत कराया जो भारत के खिलाफ बरसों से आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहा है। आपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सैन्य बलो की कार्यवाही ने पाक के इस आतंकी चेहरे को बेनकाब किया है। भारत की सेना ने अपने शौर्य से पाकिस्तान मे घुसकर आंतकवाद की जड़ों को कुचलने का कार्य किया। आंतक को जड़मूल से खत्म करने की यह लड़ाई लम्बी चलेगी अभी इसकी शुरूवात है। ऐसे समय जब देश की सेना युद्ध के मैदान मे निर्णयक लगाई लड़ रही हो तब देश के आम नागरिकों का यह दायित्व बन जाता है की वह इस दौरान भारत की राष्ट्रीय एकता को मजबूत रखे। भारत की यही मजबूती उसे विश्व पटल पर पाकिस्तान को आतंकी और गैरजिम्मेदार राष्ट्र घोषित करने का आधार बनेगी। आपरेशन सिंदूर के बाद भारत के सभी दलों ने सेना की कार्यवाही को सराहा है। भारतीय सेना पर गर्व होने की बात कही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना की कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा ये तो होना ही था, पूरा देश हमारी और देख रहा था। हमें अपनी सेना पर गर्व है। जब देश युद्ध के मोर्चे पर हो तब नागरिक समाज का दायित्व बढ़ जाता है, इस दौरान नागरिकों को अपने दायित्वों का निर्वहन करना होता है, भारत राष्ट्र मे अनेकों विविधताओं के बावजूद राष्ट्रीय एकता के दर्शन होते है। नागरिक समाज मे भी राष्ट्र भक्ति का ज्वार फुट रहा है, पाकिस्तान की आतंकी घटनाओं से तंग भारत का नागरिक तीखी प्रतिक्रियाओं से अपनी बात रख रहा है। आपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की सेना ने पाकिस्तान मे चल रहे आतंकी शिविरों को नष्ट्र कर दुनियाँ को यह सन्देश दिया है की भारत अपने खिलाफ आतंकी घटनाओं को अब सहन नहीं करेगा। देश की सेना इसी दिशा मे बढ़ रही है, आपरेशन सिंदूर ने पाक के आतंकी चेहरे को बेनकाब किया है।

इस अवसर पर एक गुमनाम रचनाकार की यह पंक्तियाँ सोशल मिडिया पर खूब चर्चित हो रही है -

## लक्स कोजी ने पिंक के साथ वूमेंस-वियर के क्षेत्र में मजबूती से कदम रखा

**मुंबई।** लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड बीते पाँच दशकों से भारतीय होजरी में एक भरोसेमंद नाम बन चुका है, जिसने आज पिंक के लॉन्च के साथ बड़े गर्व से वूमेंस-वियर के बाजार में कदम रखने की घोषणा की– जो आज के जमाने की महिलाओं के प्रगतिशील अंदाज को दशार्नें वाला ब्रांड है। उत्कृष्ट कारीगरी की अपनी विरासत को संजोकर रखने वाले लक्स कोजी ने अब महिलाओं के परिधान की विकसित होती दुनिया में उसी भरोसे को प्रस्तुत किया है। पिंक नारी के कोमल स्वभाव के विचार से प्रेरित है, जो सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि एक सोच है। इस बात पर गहराई से विश्वास ही इस ब्रांड के दिल में बसा हैः कि हर महिला को अपने अरमानों, प्यार और अपनी भावनाओं को जाहिर करते हुए अपने जीवन में खुलकर आगे बढ़ने का पूरा हक है। सोच-समझकर डिजाइन किए गए और सावधानीपूर्वक तैयार किए गए प्रोडक्ट्स के जरिये, पिंक जीवन में संतुलन – यानी काम-काज और खेल-कूद के बीच, मजबूती और कोमलता के बीच, अरमानों और जज्ब़ातों के बीच संतुलन बनाने की कला को सम्मान देता है। ब्रांड ने इस उद्देश्य से एक नया टीवीसी लॉन्च किया है और मशहूर अदाकारा श्रद्धा कपूर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है, साथ ही वर्क. पिंक. प्ले. नाम से एक 360-डिग्री कैंपेन की शुरूआत की है। रेडिफ्यूजन ब्रांड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार किए गए इस टीवीसी को अभिषेक वर्मन ने निर्देशित किया है। इस मौके पर श्री अशोक टोडी, चेयरमैन, लक्स इंडस्ट्रीज, ने कहा, लक्स इंडस्ट्रीज में, हमने हमेशा बाजार के बदलावों का पहले से अनुमान लगाने और ग्राहकों की उम्मीदों के अनुरूप आगे बढ़ने में विश्वास किया है। पिंक का लॉन्च सचमुच हमारीप्रगति के सफर में एक बड़ी उपलब्धि है - जिसके माध्यम से हमने अपनीभरोसेमंद परंपरा को बड़ी तेजी से विकसित हो रही वूमंस-वेयर कैटेगरी में पेश कियाहै। पिंक के जरिए, हम लक्स कोजी पोर्टफोलियो के भीतर एक नया और दमदार वर्टिकल बनाना चाहते हैं। यह नए भारत के लिए सार्थक ब्रांड बनाने के हमारे सुनियोजित उद्देश्य को दशार्ता है। इस साझेदारी और पिंक की नई रेंज के लॉन्च के बारे में बात करते हुए, श्री साकेत टोडी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, लक्स इंडस्ट्रीज, ने कहा, ररहमारे लिए पिंक महज एक नया प्रोडक्ट लाइन नहीं है, बल्कि यह कोर और फैशन की बेमिसाल जुगलबंदी है, जिसने हमारे प्रोडक्ट रेंज को इस इंडस्ट्री में एक बेंचमार्क बना दिया है। होजरी में अपनी पाँच दशकों की विरासत और बाजार की गहरी समझ के साथ, हम पिंक को सुनियोजित विकास का इंजन मानते हैं, जिससे हमें ग्राहकों के नए सेगमेंट तक पहुंचने और अगले 5 सालों में 800 करोड़ का राजस्व प्राप्त करने में मदद मिलेगी। फिलहाल हमारे पास पिंक ब्रांड के प्रोडक्ट्स की 20 किस्में उपलब्ध हैं और अगले 5 महीनों के भीतर हमने 100 किस्में तैयार करने का लक्ष्य रखा है। हम आधुनिक भारतीय महिलाओं के लिए एक ऐसी मुहिम शुरू कर रहे हैं, जो आराम, आत्मविश्वास और नए जमाने की डिजाइन पर आधारित है। इस इंडस्ट्री में पहली बार ऐसी डिजाइन लैंग्वेज और विज्ञापन को पेश किया गया है। पिंक में हर लड़की की भावनाओं और जीवन के अलग-अलग पड़ावों पर अपनी माँ के साथ उनके अटूट नाते की झलक दिखाई देगी। हमने हर सिलाई, हर सिल्हूट के साथ उसकी यात्रा को दशार्नें का प्रयास किया है। पिंक का नाता उनकी पसंद, उनके आत्मविश्वास और सबसे बड़ी बात, उनके लिए आरामदेह एहसास से है। यह हमारी यात्रा का साहसिक लेकिन स्वाभाविक विस्तार है, जो दशार्ता है कि लक्स कोजी भारत की उम्मीदों के अनुरूपखुद को विकसित करनेमें पूरी तरह सक्षम है।

## एलन के एआई बोट एली ने 98 .84 पर्सेंट एक्यूरेसी के साथ नीट-यूजी में हासिल किये 678 मार्क्स

**मुंबई/पटना।** जैसे-जैसे तकनीक का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे शिक्षा का तरीका भी बदल रहा है। भारत की सबसे कठिन मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से खास बदलाव आ रहा है। अब स्टूडेंट्स किताबों व कोचिंग के साथ एआई की मदद से बेहतरीन तैयारी कर सकते हैं। इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए देश में ख्याति प्राप्त एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की डिजिटल विंग एलन ऑनलाइन ने एक एआई बोट ह्यएलीह्न को विकसित किया है। इसके माध्यम से नीट-यूजी 2025 के पेपर को सॉल्व करवाया गया तो इसने 720 में से 678 मार्क्स हासिल किए, जिसकी एक्यूरेसी 98.84 परसेंट रही। इस उपलब्धि की सबसे खास बात यह है कि एली ने 720 में से 678 अंक बिना किसी इंसानी मदद के पूरी तरह से अपनी क्षमता पर हासिल किए हैं। एली सिर्फ सवाल नहीं पढ़ता, बल्कि उसका कंसेप्ट और उद्देश्य भी समझता है, चाहे वह बॉयोलॉजी का चित्र हो, फिजिक्स की जटिल समस्या हो या कैमेस्ट्री की कोई इक्वेशन। यह एक स्मार्ट सिस्टम का उपयोग करते हुए सवाल को हल करने का सर्वोत्तम तरीका चुनता है, जिससे जवाब तेज व सटीक होते हैं। नीट जैसी परीक्षा की तैयारी के दौरान स्टूडेंट्स काफी दबाव में होते हैं, ऐसे में यह एआई बोट स्टूडेंट्स की पेपर की तैयारी करने में काफी मदद कर सकता है। जहां ज्यादातर एआई सिर्फ एक ही तरह के मॉडल पर काम करते हैं, वहीं दूसरी ओर एली एक स्मार्ट सिस्टम पर संचालित होता है। यह हर क्वेश्चन को देखकर तय करता है कि उसे कौन-सा तरीका या मॉडल लगाकर सबसे सही और तेज आंसर दिया जा सकता है। अगर क्वेश्चन में कोई डायग्राम है, तो एली का विजन इंजन उसे पढ़कर सही से समझता है। यदि क्वेश्चन बहुत मुश्किल या लम्बा है, तो एली उसे स्टेप-बाय-स्टेप हल करता है, ताकि स्टूडेंट्स को क्वेश्चन को हल करने का पूरा प्रोसेस समझ आ सके।

## इस मदर्स डे पर कैलिफोर्निया आमंड्स के पोषण से अपनी माँ को दीजिये सेहत का तोहफा

**मुंबई/पटना।** माँ का प्यार और देखभाल हर दिन हमें ताकत देता है, और इसे जताने के लिए एक दिन काफी नहीं है। माँ हमेशा हमारा और परिवार का खयाल रखती है, वो अपनों से ज्यादा दूसरों को महत्व देती है। लेकिन हम कितनी बार उनकी सेहत के बारे में सोचते हैं? इस मदर्स डे पर, आइए हम अपनी माँ की देखभाल करें। इसके लिए एक बेहद आसान तरीका है कैलिफोर्निया आमंड्स को उनकी रोज की आदत में शामिल करना। बादाम माँ को दिनभर की थकान में ऊर्जा देंगे, उनकी सेहत का खयाल रखेंगे और उनकी त्वचा को भी पोषण देंगे।

कैलिफोर्निया आमंड्स किंग ऑफ नट्स कहा जाता है। इसमें 15 जरूरी पोषकतत्व होते हैं, जैसे कि प्रोटीन, जिंक, मैग्नीशियम और विटामिन ई। अपनी माँ की रोजाना की आदम में मुट्ठीभर बादाम शामिल करके आप उनके ब्लड शुगर लेवल्स को नियमित रख सकते हैं, उनके दिल की सेहत में मदद कर सकते हैंऔर उनकी त्वचा को भी चमकदार बना सकते हैं। साथ ही बादाम से उन्हें अपना वजन नियंत्रित रखने और एनर्जी पाने में भी मदद मिलेगी। इस मदर्स डे पर कैलिफोर्निया आमंड्स को माँ का खास साथी बनाएं। जब माँ सबकी देखभाल करती हैं, तब बादाम उनकी सेहत का खयाल रखेंगे। उन्हें दिखाएं कि उनकी सेहत हमारे लिए कितनी अहम है, और उन्हें पौष्टिक बादाम का खूबसूरत तोहफा दें।

# अवैध दरगाह पर डेडलाइन के भीतर बुलडोजर चलाने की मांग

**भायंदर (उत्तरशक्ति)।** भायंदर पश्चिम के उत्तन स्थित पीर बालेशाह दरगाह पर सरकार द्वारा तय की गयी डेडलाइन के भीतर ही प्रशासन कार्रवाई करें और अवैध निर्माण को ध्वस्त करें, ऐसी मांग मीरा भायंदर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा की गयी है. गौरतलब है की उत्तन के समुद्री किनारे पर बनी ये दरगाह सरकारी जमीन पर बनायीं गयी है और जिसमे 57 हेक्टर भूमि पर अवैध निर्माण किया गया है. जो ना सिर्फ पर्यावरण की दृष्टि से बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी बड़ा खतरा बना हुआ है.पूर्व में भी पुलिस विभाग ने खुफिया रिपोर्ट के जरिये यहाँ से आतंकी हमले और वहाँ चल रहे अवैध



आपराधिक गतिविधियों, रोहिंग्या, बंगालादेशी नागरिकों के घुसपैठ के बारे में भी आगाह किया था और उपजिलाधिकारी के तरफ से भी दरगाह ट्रस्ट को अवैध निर्माण तोड़ने की नोटिस दी गयी थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. जिसके बाद कई शिकायत मिलने पर और जाँच के बाद महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने सदन में इस अवैध दरगाह को 20 मई तक हटाने का ऐलान सदन में किया था. एसोसिएशन में शामिल समाज के प्रबुद्ध लोगों और नागरिकों की यही मांग है की स्थानीय प्रशासन राज्य सरकार के इस आदेश का सख्ती से पालन करें और 20 मई तक इस अवैध दरगाह पर तोड़क कार्रवाई की जाए. इसी मुद्दे को लेकर एसोसिएशन के तरफ से एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी, मनपा आयुक्त और पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और अपनी अपनी भूमिका निभाने का निवेदन किया. प्रशासन ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए कानूनी पक्रिया पूर्ण करते हुए डेडलाइन के पालन का आश्वासन दिया है.अब देखना होगा की अथॉरिटी कब तक और किस तरह इस अवैध दरगाह पर हथौड़ा चलाती है.

## पाकिस्तान से तनाव के बीच मुंबई सिद्धिविनायक मंदिर में नारियल, माला और प्रसाद पर 11 मई से लगेगी रोक

**मुंबई।** पहलगाम आतंकी हमले औ फिर भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में नारियल, माला और प्रसाद पर रोक लगा दी गई है। भगवान गणेश को समर्पित मंदिर के प्रबंधन ने कहा है कि सुरक्षा कारणों से 11 मई से मंदिर में नारियल, माला और प्रसाद चढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दक्षिण मुंबई के प्रभादेवी क्षेत्र में स्थित यह मंदिर एक लोकप्रिय धार्मिक स्थल है जो बड़ी संख्या में भक्तों को आकर्षित करता है। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा सरवणकर ने कहा कि मंदिर में हर रोज हजारों लोग आते हैं। यह आतंकवादियों की ह्यहिट लिस्टह्न में है। हाल में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने ट्रस्ट के साथ बैठक की।

सरवणकर ने कहा कि हमें सरकार और पुलिस ने कई सलाह दी हैं। सुरक्षा उपायों के बारे में उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को चढ़ाए जाने वाले नारियल सुरक्षा जांच के दौरान पहचान में नहीं आते और इससे खतरा हो सकता है। प्रसाद में जहर हो सकता है। इससे बचने के लिए हम कुछ वक्त तक भगवान को माला और नारियल चढ़ाने की अनुमति नहीं देंगे। सदा सरवणकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता को देखते हुए यह उपाय अस्थायी है।

सरवणकर ने कहा कि ट्रस्ट ने मंदिर के बाहर फूल विक्रेताओं से बात की। जिन्होंने 11 मई से यह पहल शुरू करने का अनुरोध किया ताकि वे अपना मौजूदा स्टॉक खत्म कर सकें।

## अजित से हाथ मिलाएंगे या नहीं, बेटी सुप्रिया सुले को जिक्र करके शरद पवार ने कर दिया बड़ा इशारा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस के दोनों गुटों के विलय को लेकर पिछले कई महीनों से अटकलें लगाई जा रही हैं। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने इससे जुड़े सवाल का जवाब देकर तय कर दिया कि उनकी उत्तराधिकारी सुप्रिया सुले ही रहेंगी। इंडियन एक्सप्रेस से इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि अजित पवार की एनसीपी के साथ हाथ मिलाने पर फैसला अगली पीढ़ी के नेता लेंगे। खासकर उनकी बेटी और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले इस पर निर्णय लेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी में कुछ लोग विकास कार्यों के लिए अजित पवार के साथ जाने की बात कर रहे हैं, तो कुछ इसके खिलाफ हैं।

इस बीच अजित पवार की एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि उनकी पार्टी महायुति के साथ रहेगी। अगर शरद गुट से ऐसा प्रस्ताव आता है तो पार्टी का कोर ग्रुप इस पर बात करेगा।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से अजित पवार और शरद पवार के बीच कई मौकों पर मुलाकातों का दौर चला।

इसके अलावा दोनों नेताओं के पर्दे के पीछे बातचीत की खबरें भी आईं। इसके बाद से एनसीपी के दोनों धड़ों के एक होने की कयासबाजी शुरू हो गई। मीडिया में विलय के फॉमूर्ले की चर्चा होने लगी, जिसके तहत सुप्रिया सुले को केंद्रीय राजनीति और अजित पवार को स्टेट पॉलिटिक्स का उत्तराधिकारी बताया गया। यह बात भी सामने आई कि सुप्रिया सुले ने विलय के लिए अजित पवार के सामने महायुति से बाहर आने की शर्त रख दी। इस कारण विलय का प्लान लटक गया। इस बीच शरद पवार ने भी बीच-बीच में एकजुटता के संदेश भी दिए।

# शिवसेना शिंदे गुट ने की तूफानी बारिश से हुए भारी नुकसान की भरपाई की मांग

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** पालघर जिले में बीते दो दिनों से जारी तेज हवाओं और मूसलधार बारिश ने जिले के कई हिस्सों में भारी तबाही मचाई है। डहाणू, तलासरी और पालघर तहसीलों सहित समस्त जिले में किसानों, बागवानी करने वालों, मछुआरों, ईंट भट्टा मालिकों और आम नागरिकों को गंभीर नुकसान हुआ है। कई घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, तो कई मछुआरों की नौकाएं बर्बाद हो गई हैं। इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को शीघ्र मदद दिलाने के उद्देश्य से शिवसेना शिंदे गुट का एक जिला स्तरीय प्रतिनिधिमंडल जिलाप्रमुख कुंदन संखे के नेतृत्व में जिलाधिकारी इंदूराणी जाखड से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से



विस्तृत चर्चा कर प्रभावितों के लिए तत्काल पंचनामे कर सरकारी मदत की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। जिलाधिकारी इंदूराणी जाखर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि पंचनामा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और संबंधित विभागों की बैठक बुलाकर जल्द निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर शिवसेना शिंदे गुट के शिष्टमंडल में जिला प्रमुख कुंदन संखे के साथ सह-संपर्क प्रमुख केदार काले, जिला संघटिका वैदही वाढाण, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष भारती कामडी, उपजिला प्रमुख समीर सागर, सुशील चुरी, तहसील प्रमुख संजय चौधरी, दहानू विधानसभा क्षेत्र प्रमुख सुनील इभाड, प्रकाश सांबर, डॉ.आदित्य अहिरे,पालघर शहर प्रमुख राहुल घरत, दहानू शहर प्रमुख रमेश पाटील,शहर संघटिका सविता मल्ला, उपसह प्रमुख संजू धोत्रे, प्रदीप यादव, पूर्व नगरसेवक अमोल पाटील, बंड्या म्हात्रे, एडवोकेट धर्मेंद्र भट, चंद्रशेखर वड़े, तुषार भानुषाली, अक्षय संखे, प्रवीण पाटील, सुधीर गावडे, युवसेना के नैवेद्य संखे, कुमार माली, उदय अधिकारी, सुभाष राठौड़, महिला पदाधिकारी लीना पाटील, जानवी गवली, सरिता ठाकूर, माधविका पाटील, भारती सावे, सरोज नाईक, यास्मिन लुलनिया, ज्योति राऊत, कल्पना पाटील सहित अन्य कई शिवसैनिक मौजूद थे।

# डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान में स्मारक के लिए जगह देने की मांग

**कल्याण(उत्तरशक्ति)।** कल्याण पश्चिम के डॉ.बाबासाहब आंबेडकर उद्यान में खाली पड़ी जगह को बाबासाहब के स्मारक के लिए जगह देने की मांग शिंदे सेना के विधायक विश्वनाथ भोईर ने की। इस संदर्भ में उन्होंने शुक्रवार को कल्याण-डोंबिवली महापालिका आयुक्त अभिनव गोयल से मुलाकात की। मुलाकात के बाद विधायक भोईर ने कहा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में सड़क चौड़ीकरण किया जाना है। स्टेशन परिसर में स्थित डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान की जगह की जरूरत थी। जनता की ओर से मैंने ने यह मांग की थी। भोईर ने आगे कहा कि उद्यान में डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा है।

**विधायक विश्वनाथ भोईर ने आयुक्त के साथ कि बैठक**



वह जगह धीरे-धीरे कम होती जा रही है। उस उद्यान के आजू-बाजू और पीछे की खाली पड़ी जगह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के लिए आरक्षित रखी जाए और इस जगह पर स्मारक बनाने के लिए यह जगह हमें मिले। भोईर ने यह भी कहा कि इस संबंध में लवादा का निर्णय आने के बाद डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के स्मारक के लिए जगह देने का आश्वासन केडीएमसी आयुक्त अभिनव गोयल ने दिया है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता हेतु आत्मसम्मान मंच का समृद्धि यज्ञ

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सामाजिक संस्था आत्मसम्मान मंच ने समृद्धि यज्ञ का आयोजन शुक्रवार को मुंबई के अंधेरी इलाके में किया।

यशस्वी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद हमारी भारतीय सेना आगे भी यशस्वी हो । और मजबूती के साथ पाकिस्तान को धूल चटाए, साथ ही बलूचिस्तान, सिंध, खैबर पख्तूनख्वा, और पंजाब के रूप में पाकिस्तान के चार टुकड़े हों और पी.ओ.के. भारत का हिस्सा बने। इसकी सफलता के लिए समृद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके पहले आत्मसम्मान मंच ने पहलगाम की आतंकी घटना के बाद पाकिस्तान को धूल चटाने के लिए



विजय सिद्धि संकल्प यज्ञ का आयोजन किया था। जो सफल रहा। आत्मसम्मान मंच के अध्यक्ष एडवोकेट नित्यानंद शर्मा ने कहा कि इस समृद्धि यज्ञ के जरिए भारत के सैनिकों को ताकत मिले, ताकि पाकिस्तान को पुनः मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। और उन्हें उनकी औकात बताई जा सके , और भारतीयों के खुशहाली की कामना की गयी। इस मौके पर एडवोकेट आशीष राय ने विश्वास जताया कि विजय सिद्धि संकल्प की तरह यह यज्ञ भी सफल होगा। इस मौके पर सिकंदर जयसवार,आनंद मिश्रा ,शैलेंद्र राजभर मौजूद थे।

# मुंबई में आज से बढ़ गया बेस्ट बसों का किराया, दो गुना ज्यादा बढ़े किकट के दाम

**मुंबई ।** बेस्ट प्रशासन ने मुंबईकरों को बड़ा झटका दिया है। बेस्ट ने शुक्रवार से बस किराया बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब मुंबईकरों को बेस्ट से सफर करने के लिए अधिक किराया देना होगा। नॉन -एसी बसों का न्यूनतम किराया 5 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया गया है। वहीं, एसी बसों का न्यूनतम किराया 6 से बढ़ाकर 12 रुपये कर दिया गया है। बेस्ट प्रशासन के अनुसार, यह निर्णय वर्ष 2019 के बाद पहली बार किराया संशोधन के तहत लिया गया है। साथ ही, अब 50 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए नए किराया स्टेज जोड़े गए हैं और 5 से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए आधे किराए की सुविधा फिर से शुरू कर दी गई है।





बेस्ट प्रशासन के मुताबिक, शुक्रवार से दैनिक और मासिक पास भी महंगे हो जाएंगे। दैनिक पास का किराया 60 रुपये से बढ़कर 75 रुपये किया गया है। वहीं, मासिक पास से अनलिमिटेड यात्रा के लिए मासिक पास का किराया 900 से बढ़ाकर 1800 कर दिया गया है।

स्कूल और कॉलेज छात्रों के लिए राहत बरकरार रखी गई है। 26 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को वर्तमान रियायती दरों पर पास मिलते रहेंगे। बीएमसी स्कूल के यूनिफॉर्म धारी छात्रों को पहले की तरह चलो स्मार्टकार्ड के जरिए मुफ्त यात्रा की सुविधा जारी रहेगी।

बेस्ट प्रशासन का कहना है कि किराया बढ़ोतरी बेस्ट की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने और निरंतर सेवाएं देने के लिए आवश्यक है। वहीं मुंबईकरों का कहना है कि यह निर्णय आम मुंबईकरों की जेब पर बड़ा असर डालेगा। मुंबई में बेस्ट बसें अब भी गरीब और मध्यम वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन साधन हैं। टैक्सी और रिक्शा जैसे विकल्प महंगे हैं और हर किसी के लिए वहन करना मुश्किल है।

ऐसे में बेस्ट बस के किराए में यह बढ़ोतरी लाखों यात्रियों के लिए चिंता का विषय बन गई है। साथ ही, यात्रियों का कहना है कि बेस्ट प्रशासन ने किराए में बढ़ोतरी की है। लेकिन, बेहतर सेवाओं की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया है। उनके मुताबिक, बसों की संख्या में कमी, स्टॉप्स पर लंबा इंतजार और भीड़भाड़ की समस्या को खत्म करने की दिशा में बेस्ट प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com









स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

## टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस आयोजन



**पटना (उत्तरशक्ति)।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस के शुभ अवसर पर बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मातृ दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों ने माँ के लिए ग्रीटिंग कार्ड, कविता पाठ, आलेख एवं नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति दी। मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इतना ही नहीं, माओं के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। स्कूल के डायरेक्टर राजीव भार्गव और प्रधानाचार्या शिवानी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही उन्होंने बताया कि यह आयोजन पूरे सप्ताह चला। इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से माँ और बच्चों के बीच आपसी घनिष्ठता बढ़ती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेवा भार्गव, वकार फात्मा, जागृति, निक्की और शिक्षिकाओं का भरपूर योगदान रहा।

## स्नान के दौरान सरयू नदी में डूबने से दो छात्रों की मौत

**अंबेडकरनगर (उत्तरशक्ति)।** अंबेडकरनगर जिले के माझा कम्हरिया गांव में सरयू नदी में स्नान के दौरान दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में अभिनाश यादव (18) और प्रियांशु यादव (15) शामिल हैं। अभिनाश, विवेक यादव का पुत्र था, जबकि प्रियांशु अपने मामा विवेक यादव के घर रह रहा था। दोनों छात्र नदी में स्नान करने गए थे, जहां गहरे पानी में डूब गए। घटना के लगभग आधे घंटे बाद उनके शव को नदी से बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जहांगीरगंज भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## वाहन से कुचलकर दो किशोरों की मौत

**गोरखपुर (उत्तरशक्ति)।** गोरखपुर के बेलीपार थाना क्षेत्र के कालाबाग में प्रधान की गाड़ी से कुचलकर दो किशोरों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मारने वाले किशोरों के परिजन ने प्रधान पर कुचलने का आरोप लगाया है। मरने वाले युवकों की पहचान बेलीपार के चेरिया गांव निवासी ऊपेंद्र निषाद (20) पुत्र उदयभान व सागर कनौजिया (20) पुत्र हौसिला कनौजिया के रूप में हुई। दोनों युवक अपने गांव से पैदल महाबीरछपरा बाजार जा रहे थे। बताया जा रहा है कि प्रधान की गाड़ी बहुत तेज गति से जा रही थी। परिजनों की शिकायत है कि प्रधान ने जानबुझकर कुचला है।

## बहन की उठने से पहले फंदे से लटका मिला युवक का शव

**हरदोई (उत्तरशक्ति)।** हरदोई जिले में हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के बरनई-चतरखा गांव में शुक्रवार को एक युवक का शव आम के बाग में फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, बरनई-चतरखा गांव निवासी अविवाहितसंजीव उर्फ करू (20) पुत्र लालू लखनऊ में रहकर मजदूरी करता था। बृहस्पतिवार की रात करीब आठ बजे वह अपनी सगी बहन की शादी समारोह में शामिल होने घर आया था। शुक्रवार की सुबह गांव के बाहर छोटक्के सिंह के आम के बाग में गमछे से फंदे पर लटकता शव मिला। संजीव की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक युवक पांच भाइयों व दो बहनों में तीसरे नंबर का था। घटना के बाद मां मीना समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बालकृष्ण मिश्रा ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जाएगी। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। आम के पेड़ में गमछे से फंदा लगाकर जान देने वाले संजीव उर्फ करू की सगी छोटी बहन आरती की कन्नौज जिले के फतेहपुर जसोदा गांव से बृहस्पतिवार की रात बारात आई थी। मृतक संजीव भी बारात में शहनाइयों के बीच होने वाली रस्मों के दौरान रात करीब दो तक देखा गया। सुबह करीब पांच बजे जब परिवार के लोग शौच करने निकले, तो बाग आम के पेड़ में फंदे पर लटकता शव देखा। इसके बाद शादी को खुशियां गम में बदल गई।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

बस्ती,बभनान। रेलवे स्टेशन स्टेशन के पश्चिमी छोर पर बुधवार देर रात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। प्रभारी चौकी रेलवे सुरक्षा बल विश्वामित्र यादव ने बताया कि रात 11 बजे के बाद अप ट्रैक की मेन लाइन पर युवक का शव पड़ा मिला। सिर धड़ से अलग था। पास में उसका बैग और मोबाइल फोन पड़ा था। दिवंगत की पहचान विकास सिंह (28) पुत्र हनुमान सिंह ग्राम दरहरा कुवंर पोस्ट जितीपुर थाना पैकोलिया के रूप में हुई। घटना की सूचना परिवारी जनों और जीआरपी मनकापुर को दी गई। मौके पर पहुंची जीआरपी ने रात में ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हादसों में बच्ची व महिला के साथ तीन की मौत

बाराबंकी (उत्तरशक्ति)। रामसनेहीघाट, कोठी व हैदरगढ़ क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक मासूम बच्ची, महिला व एक युवक की मौत हो गई। साथ ही दंपती समेत चार लोग घायल हो गए। हादसों की सूचना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा रहा। कोठी थाना क्षेत्र के महरुपुर गांव निवासी उषा देवी (47) बुधवार देर शाम अपने बेटे सूरज के साथ बाइक से कपड़े खरीदने भानमऊ कस्बे आई थीं। हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग पर भानमऊ के ही पास अचानक सामने गोवंशीय मवेशी आ जाने से सूरज ने बचाव के लिए बाइक में ब्रेक लगाया। इससे लगे झटके के कारण पीछे बैठी उषा देवी सिर के बल सड़क पर गिर पड़ीं। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बाइक चला रहा पुत्र सूरज भी घायल है। सूरज का हाल ही में सिपाही पद पर चयन हुआ है। मां की मौत से सूरज बदहवास है। उरामसनेहीघाट के लम्बउवा गांव निवासी राहुल (30), बुधवार देर शाम पत्नी शालनी (28), बेटा कृष्णा (8) और बेटी राधा (6) के साथ बाइक से एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। सिद्धौर मार्ग पर थोरथिया बाजार के निकट मोहम्मदपुर कीरतपुर गांव के पास सामने से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सिर में चोट आने से पुत्री राधा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राहुल, कृष्णा व शालिनी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पिकअप सवार मौके से भाग निकला।

## कोंकण विभागीय में गृह निर्माण सहकारी समिति स्व-पुनर्विकास अध्ययन समूह की बैठक आयोजित हुई




मुंबई। राज्य में पंजीकृत सहकारी गृहनिर्माण सोसायटियों के स्व-पुनर्विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भाजपा विधान परिषद समूह नेता तथा मुंबई जिला बैंक के अध्यक्ष ए. प्रवीण दारकेकर की अध्यक्षता में 11 लोगों का एक अध्ययन समूह गठित किया गया है। इस अध्ययन समूह की दूसरी बैठक आज नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर स्थित कोंकण संभागीय आयुक्त कार्यालय में आयोजित की गई।

इस बैठक वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित के साथ अध्ययन समूह के अध्यक्ष प्रवीण दारेकेर, नवी मुंबई कमिश्नर कैलास शिंदे, संभागीय आयुक्त विजय सूर्यवंशी, वसई विरार शहर नगर निगम प्रतिनिधि रेड्डी आईएएस अधिकारी, कोंकण क्षेत्र के नगर निगम (ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, मीरा-भायंदर, उल्हासनगर, कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी-निजामपुर, वसई-विरार, मीरा-भायंदर), अंबरनाथ और बदलापुर नगर परिषद, साथ ही सिडको, म्हाडा के अधिकारी उपस्थित थे।

इस बैठक में सरकार के 2019 के सरकारी निर्णय के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। अधिकारियों से सुझाव लिए गए तथा आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। नवी मुंबई महानगरपालिका और सिडको के बीच समन्वय की आवश्यकता, बिना ओसी या सीसी वाली इमारतों का आत्मनिर्भर विकास, जीर्ण-शीर्ण इमारतों का आत्मनिर्भर विकास और जिन रियायतों का क्रियान्वयन नहीं हुआ है

दारकर ने उपस्थित अधिकारियों को इस संबंध में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में निर्देश दिए। नवी मुंबई में तीन सहकारी आवास समितियों के अध्यक्ष और सचिव ने स्व-पुनर्विकास में आने वाली कठिनाइयों को साझा किया। बैठक में ठाणे जिला केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष और मुख्य अधिकारी उपस्थित थे। दारेकेर ने यह भी कहा कि ठाणे के लोगों को मुंबई बैंक का अनुकरण करना चाहिए और ठाणे जिला केंद्रीय बैंक को ठाणे जिले में उसी तरह काम करना चाहिए।

## स्टेयरिंग फेल रोडवेज बस कई वाहनों से टकराकर पलटी

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** राजधानी लखनऊ के बंथरा में शुक्रवार की दोपहर एक रोडवेज बस का स्टेयरिंग फेल हो गया। बस अनियंत्रित होकर कई वाहनों से टकरा कर पलट गई। हादसे में चालक व ई-रिक्शा और बस की सात सवारियां घायल हो गईं। हादसे में गंभीर रूप से घायल बस चालक को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। बस कानपुर के किदवई नगर डिपो की थी। चालक सूरज शुक्रवार को बस में चारबाग से 30 सवारियों को बैठाकर कानपुर जा रहे थे। दोपहर 2:30 बजे बंथरा के जुनाबगंज में स्टेयरिंग फेल होने पर बस पिकअप, डाला, डीसीएम, ई रिक्शा और सड़क किनारे खड़े टेंपो से टकरा कर पलट गई। घटना से बस और ई-रिक्शे में सवार सवारियों में चीख पुकार मच गई। आनन-फानन लोगों ने सवारियों को निकालने की कोशिश की। घटनास्थल पर इंस्पेक्टर बंथरा पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने लोगों की सहायता से सभी को बाहर निकाला। सात सवारियों को मामूली चोटें आईं। जबकि, सूरज काफी घायल हो गए। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से सवारियों का प्राथमिक इलाज कर उन्हें छुट्टी दे दी गई। वहीं, हादसे के कारण सड़क पर एक घंटे तक जाम लग गया।

## बिना मान्यता वाले स्कूलों की होगी जांच

**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)।** जिले में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी। इसके लिए एडी बेसिक ने तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने दो-दो बीईओ की टीम गठित कर जांच कराने की योजना बनाई है। गठित टीम दूसरे बीईओ की कार्यक्षेत्र में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की जांच कर उसे बंद कराते हुए उसकी रिपोर्ट कार्यालय में देंगे। ताकि प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जा सके। मानक को दरकिनार कर संचालित होने वाले संचालकों और स्थानीय बीईओ की मिलीभगत का अंदेशा होने पर दूसरे ब्लॉक के बीईओ को जांच के लिए जिम्मेदारी दी गई है। इसके बावजूद अवैध स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई जोर नहीं पकड़ रही है। गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालक करने पर शिक्षा विभाग की तरफ सख्त कार्रवाई की जाती है, इसमें एक लाख रुपये जुमार्ना और विद्यालय को बंद करने जैसे प्रावधान शामिल हैं। कुछ मामलों में स्कूल प्रबंधक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। इसके बाद भी जिले में कई गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का संचालन धड़ल्ले से चल रहा है।

इसके बाद भी ऐसे विद्यालयों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। इतना ही नहीं मान्यता प्राप्त निजी स्कूल संचालक दूसरे स्थान पर भी विद्यालयों का संचालन कर रहे हैं। शासन के निर्देश पर ऐसे विद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी। बिना मान्यता के संचालित विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निर्देश मिले हैं। सभी बीईओ को इसके लिए पूर्व में भी निर्देश दिए गए कि वह क्षेत्र में संचालित विद्यालयों को चिह्नित कर कार्रवाई करें, लेकिन सभी लापरवाही कर रहे हैं। ऐसे में टीम गठित कर एक बीईओ को दूसरे बीईओ के क्षेत्र में जांच करने के लिए योजना बनाई जा रही है।

## दिवाकर त्रिपाठी संग काजल दुबे परिणय-सूत्र में बंधे



**नालासोपारा ( उत्तरशक्ति )।** दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा सह पत्नी सहित मुंबई के नालासोपारा पूर्व राजनगर स्थिति एंजल लैण्डमार्क अपार्टमेंट फ्लैट नं 202 के निवासी श्रीमती शैला जयप्रकाश त्रिपाठी का सुपुत्र का शुभ विवाह 8 मई 2025 गुरुवार को मीरारोड पूर्व स्थिति महाराजा बैनक्युंट हाल दुसरा महला में संपन्न हुआ । बता दें कि जयप्रकाश जगदम्बा त्रिपाठी का पैतृक गांव उत्तर प्रदेश जनपद जौनपुर विकास खंड मुंगराबादशाहपुर गांव पवॉरा बाजार चेतरिया के मूल निवासी निवासी हैं। दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा सह पत्नी अपने साले जयप्रकाश त्रिपाठी सुपुत्र के शुभ विवाह में उपस्थित होकर वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया ।जिसमें दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र परिवार के सदस्य जगदीश तिवारी , श्रीमती उषा तिवारी, अभिषेक तिवारी, पिता जय प्रकाश त्रिपाठी, मॉ श्रीमती शैला जयप्रकाश त्रिपाठी, भाई प्रभाकर त्रिपाठी ( राहुल ), ऋतू त्रिपाठी, खबरें आज तक के वरिष्ठ पत्रकार मुकेश त्रिपाठी, पूनम त्रिपाठी, अरुण, देवल त्रिपाठी, डाली तिवारी, सुनील तिवारी , रेखा ,अखिलेश तिवारी , प्रिया, सुरत से दिनेश तिवारी , श्रीमती श्यामा तिवारी , संजय तिवारी, सोना तिवारी, रमेश तिवारी, फूल चंद मिश्रा, मामा तुलसी राम मिश्रा, श्रीराम मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, पूनम मनिष मिश्रा सहित कई लोगों ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशिर्वाद प्रदान किया है।

## तहसील परिसर में लगा वाटर कूलर खराब

**बस्ती ,सोनहा।** भानपुर तहसील में आने वाले फरियादी पानी के लिए तरस रहे हैं। करीब दो सप्ताह से तहसील परिसर में लगा वाटर कूलर तकनीकी खराबी के कारण बंद है। भीषण गर्मी में फरियादियों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। तहसील परिसर में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप भी पांच साल से खराब पड़ा है। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने कहा कि तहसील में आने वाले फरियादियों के साथ ही अधिवक्ताओं को भी पानी के लिए भटकना पड़ता है।

अधिवक्ता अभिषेक पाठक, कृष्ण प्रताप सिंह, जय प्रकाश पांडेय, मनीष मिश्र, सूर्यभान पाल, विजय सिंह, गिरिजेश दूबे व धर्मेंद्र कन्नौजिया ने वाटर कूलर व हैंडपंप को ठीक कराने की मांग की है।

## 500 की जाली नोटों के साथ आरोपी गिरफ्तार

गाजीपुर। अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना करंडा पुलिस टीम ने 500 की कुल 31 जाली नोट के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोटरसाइकिल व एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। आरोपी की पहचान संजय वर्मा पुत्र श्याम विहारी वर्मा निवासी ब्राह्मणपुरा के रूप में हुई।

## पिण्डरा विधानसभा के रजनीकांत मिश्रा 'बबलू' को वैवाहिक वर्षगांठ पर दी शुभकामनाएं



**अमित त्रिपाठी**

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** जनपद वाराणसी ब्राह्मण कुल शिरोमणि 384 पिण्डरा विधानसभा में लोकप्रिय जनसेवक वरिष्ठ भाजपा नेता व उत्तर प्रदेश के प्रमुख उद्योगपति अमरावती ग्रुप आफ कंपनीज के डायरेक्टर रजनीकांत मिश्रा 'बबलू' भईया जी एवं उनकी पत्नी श्रीमती आरती मिश्रा जी को वैवाहिक वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं क्षेत्र वासियों द्वारा दिया गया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं की गई। शुभकामनाएं देने वालों में भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी पिण्डरा विधानसभा अमित त्रिपाठी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा ओमप्रकाश तिवारी , मनीष चौबे , दिलिप मिश्रा , विकास चौबे , वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेश मिश्रा , समाजसेवी आदित्य नारायण दुबे , चंचल दुबे , हिंदुस्तान प्रहरी संपादक घनश्याम तिवारी , अधिवक्ता राहुल दुबे रहे।

## नमकीन विक्रेता को मनबढ़ों ने पीटा, केस

**महराजगंज (बस्ती)।** हरैया थाना क्षेत्र अमारी बाजार में सड़क किनारे गाड़ी खड़ी करके बैठे नमकीन विक्रेता को मनबढों ने लाठी-डंडे से पीट दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। परशुरामपुर थाना क्षेत्र सरौना के सर्वेश पांडेय ने तहरीर दी है कि बुधवार को वह डिलीवरी वाहन से नमकीन सप्लाई करने अमारी बाजार गया था। सड़क किनारे गाड़ी खड़ी करते समय तेज रफ्तार कार सवार अभिमन्यु सिंह व सत्यम मिश्रा निवासी लजघटा आए लाठी-डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## प्रायोगिक परीक्षा में अधिक अंक देने पर 600 शिक्षक डिबार

**कानपुर (उत्तरशक्ति)।** कानपुर में छत्रपति शाहूजी महाराज विवि से संबद्ध डिग्री कॉलेजों के छात्रों को स्नातक और परास्नातक की प्रायोगिक परीक्षाओं में अधिक नंबर देने पर 600 शिक्षकों को एक साल के लिए डिबार किया गया है। यह शिक्षक इस दौरान परीक्षक नहीं बनाए जाएंगे। वहीं, जिन छह जिलों के 60 कॉलेजों के छात्रों को नंबर अधिक मिले हैं, उनकी प्रायोगिक परीक्षा एक साल दूसरे अनुदानित या सरकारी कॉलेजों में करवाई जाएगी। इसके साथ छात्रों के बढ़े अंक भी कम कर दिए गए हैं। विवि में पिछले सेमेस्टर में हुई स्नातक और परास्नातक की परीक्षाओं में जब प्रायोगिक के अंक वेबसाइट पर अपलोड किए गए तब कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। विवि प्रशासन ने कई ऐसे कॉलेज चिह्नित किए जिनके सैकड़ों विद्यार्थियों को 75 में से 73, 74 और 75 अंक दे दिए गए थे। एक समान अंक देखकर प्रशासन का माथा ठनका।

स्वतः संज्ञान लेते हुए विवि ने मामले की जांच के लिए आंतरिक कमेटी का गठन किया। कमेटी के अध्यक्ष सीडीसी निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी के निर्देशन में मामले की जांच हुई। इसमें सामने आया कि प्रायोगिक परीक्षा लेने गए शिक्षकों ने जानबूझकर छात्रों को एक से नंबर दिए थे। कमेटी को छह जनपदों कानपुर नगर, उन्नाव, कन्नौज, फरुर्खाबाद, औरैया और कानपुर देहात के 60 कॉलेजों के छात्रों के नंबर बढ़े हुए मिले। जब कमेटी ने इन कॉलेजों में प्रायोगिक परीक्षा लेने गए वाह्य परीक्षकों के नामों की सूची को शॉर्टलिस्ट किया तो सभी स्ववित्तपोषित डिग्री कॉलेजों से संबंधित मिले। इसके बाद परीक्षा समिति ने परीक्षक रहे 600 शिक्षकों को एक साल के लिए डिबार कर दिया है। वहीं, संबंधित 60 कॉलेजों पर भी कार्रवाई की गई है। एक साल तक इन कॉलेजों की प्रायोगिक परीक्षा अनुदानित या सरकारी कॉलेज में होगी। वहीं, अनुदानित कॉलेज में पर्यवेक्षक की नियुक्ति की जाएगी।

मामले में जांच के बाद कमेटी ने छात्रों के बढ़े नंबरों को कम करने पर सहमति जताई। कमेटी ने बताया कि छात्रों को मनमाने तरह से अंक दिए गए हैं। इन सभी विद्यार्थियों के अंक को घटाकर अब 60 कर दिया गया है। विवि की परीक्षा समिति में 600 शिक्षकों को एक साल के लिए डिबार करने पर सहमति बनी थी। इन शिक्षकों ने प्रायोगिक परीक्षा में छात्रों को अधिक अंक दिए हैं।

## भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि अंतर्गत बोरीवली रेलवे पुलिस का रूट मार्च और सघन जांच अभियान



बोरीवली, मुंबई। भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि के मद्देनजर मुंबई में हाई अलर्ट की स्थिति को देखते हुए, रेलवे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निदेशों के अनुसार, मुंबई लोहमार्ग पुलिस आयुक्तालय के क्षेत्र में रुट मार्च, पेट्रोलिंग और सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संदिग्धों की भी जांच की गई ताकि कोई भी अनुचित घटना घटित न हो। इस संबंध में डॉ. रवींद्र शिसवे, पुलिस आयुक्त, लोहमार्ग, मुंबई ने आदेश दिया था। इसके अंतर्गत रेलवे के पुलिस उपायुक्त मनोज पाटील और सहायक पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में बोरीवली रेलवे पुलिस स्टेशन में रुट मार्च और विशेष घातपात जांच की गई। इस रूट मार्च में रेलवे पुलिस के पांच अधिकारी, छत्तीस पुलिस कर्मचारी, रेलवे सुरक्षा दल के चार अधिकारी और पांच कर्मचारी तथा डॉग स्क्वाड के अधिकारियों ने भाग लिया। यह रूट मार्च बोरीवली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से दस तक किया गया जो बोरीवली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर समाप्त हुआ।

## होटल के बाथरूम में फंदे से लटकी मिलीमहिला का शव



प्रयागराज (उत्तरशक्ति)। यूपी के प्रयागराज स्थित नैनी थाना क्षेत्र के छिवकी स्टेशन के पास संजय नगर मोहल्ले में स्थित एक लॉज में कमरे के अंदर बाथरूम में गुरुवार को एक महिला का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारते हुए विधिक कार्रवाई की। महिला अपनी बुआ की बेटी को परीक्षा दिलाने के लिए यहां आई थी। वह बीते 27 अप्रैल से लॉज में रह रही थी। उसने यहां पर दस दिन के लिए कमरे की ऑनलाइन बुकिंग कराई थी। जानकारी के अनुसार रेखा पुत्री सत्यवीर चौहान निवासी ममरवा हरियाणा अपनी बुआ की पुत्री सुचेतना पुत्री प्रवीण कुमार निवासी नारायण गांव दिल्ली को एमएड की परीक्षा दिलाने के लिए प्रयागराज आई थी। उसने छिवकी स्टेशन के पास संजय नगर मोहल्ले में जेके रॉयल पैलेस में 27 अप्रैल से 10 दिनों के लिए कमरा बुक कराया था। गुरुवार को सुचेतना जमनीपुर कोटवा स्थित विवि में एमएड की परीक्षा देने के लिए सुबह साढे छह बजे चली गई। 12 बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद लगभग दो बजे वह लॉज पहुंची तो रेखा का कमरा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद भी जब कमरा नहीं खुला तो सुचेतना ने रेखा को फोन लगाया।

फोन न उठने पर उसने लॉज में मौजूद कर्मचारियों को जानकारी दी तो उन्होंने खिड़की से देखा। इस पर रेखा का शव बाथरूम के अंदर दुपट्टे के सहारे लटका मिला। लॉज कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़ कर टीम अंदर पहुंची और जांच पड़ताल करते हुए शव को फंदे से नीचे उतारा।

पूछताछ में सुचेतना ने पुलिस को बताया कि रेखा का उसके पति से तीन साल पहले तलाक हो गया था। उसके माता-पिता का देहांत होने के बाद वह अपने भाई-भाभी के साथ रहती थी। वह यहां उसके साथ उसे परीक्षा दिलाने आई थी। बीते दो दिनों से दोनों लॉज के अलग-अलग कमरों में रह रहे थे।

उसने आत्महत्या क्यों की यह स्पष्ट नहीं हो सका है। उसका एक पुत्र भी है। थाना प्रभारी बृज किशोर गौतम ने बताया कि घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दे दी गई है। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार वालों के पहुंचाने पर और बातें स्पष्ट होंगी।







